हरिभूमि

# विंध्य भूमि

जबलपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना



## सतना-चित्रकूट हाईवे पर भीषण हादसाः ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा,मौके पर मौत








सतना।

सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर गुरुवार दोपहर मिचकुरिन के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के दोनों पैर ट्रक के नीचे दब गए थे। हादसा उस वक्त हुआ जब चित्रकूट की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक (क्रमांक अज्ञात) ने बाइक क्रमांक एमपी 19 एम एच 1901 पर सवार युवक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पन्ना जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत मणिपुर निवासी वीरेंद्र विश्वकर्मा पिता मूलचंद्र विश्वकर्मा के रूप में हुई है। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

## जिला अस्पताल में शव वाहन चालक से मारपीट, पन्ना जाने को लेकर हुआ विवाद



**सतना।** सतना जिला अस्पताल में बुधवार देर रात शव को पन्ना ले जाने को लेकर विवाद में छह युवकों ने शव वाहन चालक राजेश कुमार साहू के साथ मारपीट की। यह घटना पन्ना निवासी नत्थू लाल चौधरी की बीमारी से मौत के बाद उनके शव को पन्ना ले जाने के कारण हुई। मृतक के रिश्तेदार सुरेश चौधरी और उनके आठ साथी शव वाहन चालक राजेश कुमार साहू पर पन्ना चलने का दबाव बना रहे थे। चालक ने बताया कि उन्होंने 108 एम्बुलेंस वाहन के लिए कंट्रोल ऑफिस में फोन किया था,लेकिन उसे कंट्रोल रूम से पन्ना जाने का कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ। कंट्रोल रूम से निर्देश न मिलने पर जब चालक ने जाने से मना किया,तो युवकों ने उससे बहसबाजी शुरू कर दी और देखते ही देखते उसकी पिटाई कर दी। इस मारपीट की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित शव वाहन चालक राजेश कुमार साहू ने सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### खबर संक्षेप

## 1 नवम्बर को चित्रकूट के घाट 1 लाख 11 हजार 111 दीपों से होंगे जगमग

**श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास करेगा दीपोत्सव पर्व का आयोजन**

**सतना।** देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर 1 नवंबर 2025 को दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जाएगा। श्रीरामचंद्र,माता सीता,माँ नर्मदा,माँ मंदाकिनी की महाआरती,दीप आराधना एवं भक्ति गायन का आनंद ले सकेंगे। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास,मध्य प्रदेश शासन,संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एवं जिला प्रशासन अनूपपुर,सतना,पन्ना,कटनी,उमरिया,मैहर,नर्मदापुरम के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।सतना जिले में श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन सतना के सहयोग से चित्रकूट के मां मंदाकिनी घाट पर राघव प्रयाग घाट में 1 नवम्बर को सायं 6.30 बजे से देव प्रबोधनी एकादशी के उपलक्ष्य में दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मां मंदाकिनी के पुण्य तट पर 1 लाख 11हजार 111दीप प्रज्जवलित कर दीप आराधना की जायेगी और मां मंदाकिनी की महाआरती का आयोजन होगा। इस मौके पर सागर के विभोर फ्यूजन बैंड के कलाकारों द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

## जुआ फड़ पर रेड, नकदी सहित 12 जुआरी पकड़े गए

**सतना।** उचेहरा पुलिस को जुआ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे के निर्देशन तथा एसडीओपी नागौद रघु केसरी के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्यवाई की गई। पुलिस ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पथरहटा स्कूल के पास स्थित एक मुर्गीफार्म में कई लोग ताश पत्तों और रुपये-पैसों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की और रेड कार्यवाही की। रेड के दौरान मौके से कुल 12 व्यक्ति जुआ खेलते हुए पकड़े गए।जुआरियों के पास से और फड़ से 32,950 रुपये नगद और ताश के पत्ते जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों में रामनारायण ताम्रकार, शिवकुमार ताम्रकार, अजय कुमार कुशवाहा,भूपेन्द्र हरबोल, आशीष मारवाड़ी,भूपेन्द्र पटेल, प्रभात नागर, पंकज उर्फ शिब्बू दाहिया, शिवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह पटेल, जितेन्द्र सिंह पटेल और विनोद पटेल उर्फ शैलेन्द्र पटेल शामिल हैं। सभी आरोपी उचेहरा क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं 112(2) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 401/25 कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि देवनारायण उपाध्याय सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## समग्र ई केवाईसी नहीं कराने पर हो सकती है परेशानी

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा समस्त नगर वासियों को सूचित करते हुए आग्रह किया गया है कि जिन नागरिकों द्वारा अभी तक समग्र पोर्टल पर समग्र परिवार आईडी में दर्ज सभी सदस्यों की आधार से ई-केवाईसी नहीं कराई गई है वे 31 नवंबर के पूर्व ई-केवाईसी अवश्य करा लेवें, अन्यथा की स्थिति में वर्तमान में उन्हे प्राप्त हो रहे शासकीय योजनाओं के लाभों से वंचित होना पड़ सकता है। उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि समग्र ई-केवाईसी कराने के लिए नागरिकगण आधार कार्ड, समग्र आईडी, आधार में पंजीकृत मोबाइल के साथ नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाइन, सीएससी सेंटर में पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। 30 नवंबर 2025 तक समग्र की आधार से ई-केवाईसी नहीं कराने की दिशा में उन्हे वर्तमान में प्राप्त हो रहीं शासन की योजनाओं एवं लाभों से वंचित होना पड़ सकता है।

## मां शारदा की नगरी मैहर में खाटूश्याम जी का दिव्य दरबार एवं भजन संकीर्तन संपन्न



**मैहर।** बीती शाम वार्ड क्रमांक 6 स्थित माता चंडी देवी मंदिर परिसर में खाटूश्याम जी का भव्य एवं दिव्य दरबार तथा भजन संकीर्तन का कार्यक्रम श्याम परिवार मैहर द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और भक्ति भाव से 'बाबा श्याम' के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति श्याम परिवार के सुमित जग्यासी एवं मुकेश ओझा ने कार्यक्रम में पधारे सभी श्याम प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी,नगर पालिका परिषद सभापति अशोक कुमार चौबे,देवेन्द्र पांडेय,सत्यभान पटेल, सूर्यप्रकाश चौरसिया,रेखा दूबे,संध्या रानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक और माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। माता चंडी देवी मंदिर परिसर में पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित इस दरबार में,भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

## बेमौसम बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, धान की फसल पर संकट

सतना।

पिछले चार दिनों से सतना जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बादलों की लगातार आवाजाही और रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने गुरुवार को दिन के तापमान में गिरावट ला दी है, जिससे लोगों को ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है। गुरुवार को सुबह से लेकर देर रात तक बूंदाबांदी होती रही,इस बीच कुछ देर के लिए तेज बारिश भी हुई।

### तापमान गिरा, जनजीवन प्रभावित

बारिश के कारण दिन का अधिकतम तापमान 23.8C और न्यूनतम तापमान 22.6C दर्ज किया गया,जबकि आर्द्रता (RH) 95% से 96% के बीच रही। सुबह 8:30 बजे तक वर्षा 0.0 मिमी थी, लेकिन 0830 से 1730 बजे के बीच 4.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश से खासकर शहर के उन इलाकों में आवागमन में लोगों को



परेशानी का सामना करना पड़ा जहां सड़कें टूटी-फूटी हैं।

### सांसद ने तत्काल सर्वे के निर्देश दिए

बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है,विशेष रूप से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है जो पूरी तरह से पककर कटाई के लिए खड़ी थी। खेतों में पानी भर गया है, जिससे धान की फसल अब सड़न लेने की स्थिति में आ गई है। सांसद गणेश सिंह ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को तत्काल फसलों का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार सांसद गणेश सिंह ने वन विभाग द्वारा वन भूमि के पट्टाधारकों और लंबे समय से काबिज वनवासियों अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति या अन्य जाति वर्ग के को खेती-बाड़ी करने से रोके जाने और अनावश्यक बेदखल किए जाने पर भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग को निर्देशित किया है कि इन भूमिहीन लोगों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से रिक्त पड़ी वन भूमि में अपनी जीविका चला रहे हैं और उनके साथ सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। सांसद ने इस संबंध में मुख्यमंत्री जी तथा जिले और संभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया है। इसके अलावा,सांसद ने दौरी सागर बांध के निर्माण को लेकर वन विभाग से व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही है,जिसका उद्देश्य मंदाकिनी गंगा और सूखी हुई पैसुनी नदी की जलधारा को अविरल बनाना है।

## जैतवारा पुलिस ने अवैध नशीली गोलियों के तस्कर को दबोचा




**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा के आदेशानुसार चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्बे के दिशा-निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में,थाना जैतवारा पुलिस को अवैध मादक पदार्थों के व्यापार में बड़ी सफलता मिली है। जैतवारा पुलिस ने रोहित उर्फ बद्री केवट उम्र 22 साल, निवासी संत टोला,जैतवारा,को अवैध रूप से नशीली गोलियों की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। जैतवारा पुलिस टीम कस्बा भ्रमण कर रही थी। संत टोला पानी की टंकी के पास पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित उर्फ बद्री केवट बताया और स्वीकार किया कि उसकी जेब में अवैध रूप से बेचने के लिए नशीली गोलियाँ हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद प्राप्त दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए,पुलिस ने जब आरोपी से इन गोलियों से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे,तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 58 नग ऐल्प्राजोम टैबलेट 0.5 mg जब्त की हैं।

**नाम पता आरोपीः रोहित उर्फ बद्री केवट,उम्र 22 साल,निवासी संत टोला,जैतवारा।**

**जब्त सामग्रीः** 58 नग ऐल्प्राजोम टैबलेट (0.5 mg)।

आरोपी के विरुद्ध धारा 8/22, 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत विधिवत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

### सराहनीय भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना जैतवारा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,जिसमें उनि अजय सिंह परिहार,प्र.आ.अर्पित त्रिवेदी,प्र.आ.विकल तिवारी,प्र.आ. ब्रजेश सिह,प्र.आ.चा नीतेश गौतम,आ. उपेन्द्र मरावी,आ.अमित दीक्षित,आ.राहुल रावत,और म.आ.अम्रता शामिल थे। इनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते अवैध नशीली दवाओं के नेटवर्क पर एक और प्रहार किया जा सका।

## नागौद में गांजे का हरा पेड़ लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

सतना।

**पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत नागौद पुलिस को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।**

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम अटरा निवासी सुखेंद्र सिंह अपनी बगिया में अवैध मादक पदार्थ



गांजे का पेड़ लगाए हुए है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने सुखेंद्र सिंह उर्फ भूरा पटेल के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान,आरोपी सुखेंद्र सिंह की बगिया में गांजे का एक हरा पेड़ लगा मिला। इस पेड़ को उखाड़कर तौल करने पर इसका वजन 2 किलो 120 ग्राम पाया गया,जिसकी अनुमानित कीमत 20,000 है। आरोपी सुखेंद्र सिंह उर्फ भूरा पटेल उम्र 40 वर्ष,निवासी ग्राम अटरा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और उसके विरुद्ध धारा 8/20 (a)(b)(i) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय, नागौद के समक्ष पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### सख्त चेतावनी! सुरक्षा ताक पर तो काम बंद!

## महापौर योगेश ताम्रकार का कड़ा रुखः सुरक्षा उपकरणों के बिना सीवर चैंबर में 'नो एंट्री', अधिकारियों को विशेष निगरानी के निर्देश

सतना।

नगर पालिक निगम,सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सीवर लाइन के कार्यों में लापरवाही और सुरक्षा से खिलवाड़ को लेकर संविदाकारों और इंजीनियरों को दो-टूक और सख्त लहजे में निर्देश दिए। बुधवार को महापौर कक्ष में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में,ताम्रकार ने स्पष्ट कर दिया कि श्रमिकों की सुरक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने तीखे शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि,बिना पुख्ता सुरक्षा प्रबंध एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के किसी भी श्रमिक को सीवरेज चैंबर में प्रवेश की अनुमति किसी भी कीमत पर नहीं दी जाएगी। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी विशेष निगरानी सुनिश्चित करें,ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना शून्य हो। महापौर ने शेष बचे सीवर कार्यों की अति शीघ्र पूर्ति और हाउस कनेक्शन कार्यों की धीमी प्रगति पर भी गहन असंतोष व्यक्त किया और इन कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में के.पी.गुप्ता (ए.ई.),अतुल सिंह,अशोक केवट सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## तिलौरा ग्राम पंचायत में लिखी गई भ्रष्टाचार की नई इबारत

### तोड़ी सारी हदें, विकास कार्यों में भारी अनियमितता का आरोप

मैहर।

मैहर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तिलौरा एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है। ग्राम वासियों का आरोप है कि पंचायत में हुए विभिन्न विकास कार्यों और वित्तीय लेनदेन में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। आरोप है कि पंचायत एक्ट के प्रावधानों को दरकिनार कर भारी राशि निकाली गई और नियम विरुद्ध प्रक्रियाओं का इस्तेमाल हुआ। दस्तावेज़ों में दर्ज जानकारी के अनुसार,अनुज विश्वकर्मा को फर्नीचर के नाम पर लाखों का बिल पंचायत से पास कराकर दिया गया और घटिया गुणवत्ता के फर्नीचर की खरीद-फरोख्त की गई। यही नहीं,सरपंच एवं सचिव पर विकास कार्यों के नाम पर राशि आहरित कर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। हाल ही में तिलौरा ग्राम पंचायत कार्यालय के



सामने बनी नाली ध्वस्त हो गई है और सरपंच के कार्यकाल में बनी सड़कें भी जर्जर हो गई हैं। भ्रष्टाचार की कहानी यहीं खत्म नहीं होती,तिलौरा पंचायत में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र में भी कॉलम से लेकर बीम तक घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किए जाने का आरोप है। ग्राम वासियों ने जनपद पंचायत सीईओ से आग्रह किया है कि इंजीनियर की टीम भेजकर तिलौरा ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों की निष्पक्षता से जांच करवा कर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही की जाए।

## 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत, सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली, अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के आदेशानुसार चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत, सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी



के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कामता टोला में एक व्यक्ति अपने घर के सामने थैले में गांजा बिक्री के लिए रखे हुए है। त्वरित कार्रवाई करते हुए,कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश शर्मा पिता इन्द्रपाल शर्मा,उम्र 38 वर्ष,निवासी कामता टोला बताया। संदेही के थैले की तलाशी लेने पर,पुलिस ने 1 किलो 130 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। आरोपी कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है। विधिवत गिरफ्तारी के बाद,आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि दशरथ सिंह सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक पुरस्कार के लिए हुई नामांकित






**पवई।** जनपद शिक्षा केंद्र पवई अंतर्गत प्राथमिक शाला हिनौता की शिक्षिका श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया को समग्र शिक्षा अभियान और लीप फॉरवर्ड के द्वारा अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संचालक सभी शैक्षणिक एवं संस्थागत गतिविधियों को पूरे समर्पण एवं निष्ठा के साथ पूर्ण करने के लिए उन्हें पुरस्कार किया गया और पुरस्कार के स्वरूप लीप फॉरवर्ड ओर से 8 पुस्तकें पुरुस्कार के रूप में प्रदान की गई। ये पुरुस्कार उन्हें सर्टिफिकेशन टेस्ट में 4 स्टार मिलने एवं कार्यकृम की सभी गतिविधियों को शाला में संचालित करने के कारण मिला है। कार्यक्रम में पूरी निष्ठा और तन्मयता से जुड़ने के कारण लीप फॉरवर्ड की टीम ने उन्हें मध्य प्रदेश के बेस्ट टीचर में शामिल करते हुए उन्हें मध्य प्रदेश शिक्षक हीरो में शामिल किया है। बता दें कि श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया पवई नगर के चिकित्सक डॉ धनराज सिंह भदौरिया की पत्नी हैं।

### मोटर साइकिल पेड़ से टकराई, एक की मौत तीन घायल



**पन्ना।** पन्ना अमानगंज मार्ग में बीती रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा तीन लोग घायल हुए हैं उक्त घटना अकोला ग्राम के पास हुई है मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। जिससे यह घटना घटित हुई है। घायलों का जिला अस्पताल पन्ना में इलाज चल रहा है जानकारी के अनुसार अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम नयापुरा द्वारी के निवासी मृतक धीरज आदिवासी पिता श्री हिररू आदिवासी उम्र 19 वर्ष मोटरसाइकिल में सवार होकर पन्ना से द्वारी नयापुरा के लिए जा रहा था जिसमें चार लोग सवार थे अकोला मंदिर के पास मोटरसाइकिल अन्यत्र होकर पेड़ से जा टकराई जिसमें मोटरसाइकिल में सवार चालक धीरज आदिवासी की मौत हो गई एवं तीन लोग घायल हुए घायलों में आंसू आदिवासी उपेंद्र आदिवासी बसंत आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका जिला चिकित्सालय पन्ना में इलाज जारी है। मृतक का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## 41.39 करोड़ से भरे जाएंगे बमीठा-सतना एनएच-39 के गड्ढे, मिल सकेगी थोड़ी राहत

# एनएच-39 की दुर्दशा पर अब जागी सरकार

### हरिभूमि ने पहले ही उठाया था मुद्दा, सुप्रीम कोर्ट निर्देशों के बावजूद जारी रही टोल वसूली, फोर लेन प्रोजेक्ट में देरी से जनता त्रस्त

**पन्ना। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की जर्जर हालत का मुद्दा सबसे पहले दैनिक हरिभूमि ने उठाया था, वह भी एक बार नहीं, बल्कि कई बार। अखबार ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए यह सवाल खड़ा किया था कि जब सड़कें चलने योग्य नहीं हैं, तब टोल टैक्स वसूली किस आधार पर की जा रही है। इसी मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए दैनिक हरिभूमि ने हाल ही में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया है। अब 41.39 करोड़ की राशि स्वीकृत कर बमीठा से सतना के बीच के गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।**

**हरिभूमि ने एनएच-39 की खस्ताहाल का उठाया मुद्दा-**

41.39 करोड़ से भरे जाएंगे बमीठा-सतना एनएच-39 के गड्ढे, मिलेगी थोड़ी राहत पन्ना सतना-पन्ना राष्ट्रीय राजमार्ग-39 वर्षों से बुरे हाल में है। गड्ढों से भरे इस मार्ग पर सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की मांग पर



पत्रिका ने इस गंभीर स्थिति को उजागर किया था। अब शासन ने इस दिशा में पहल करते हुए मरम्मत के लिए 41.39 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 (बमीठा से सतना) मार्ग की लम्बाई लगभग 86.6 किलोमीटर है। इस पूरी पट्टी में जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, सड़क की परतें उखड़ चुकी हैं और बरसात में यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। भारी वाहन गुजरते समय सड़क किनारों से मिट्टी कट जाने के कारण मार्ग और भी खतरनाक बन चुका है। एनएचएआई ने सर्वेक्षण कर मरम्मत का प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे अब स्वीकृति मिल चुकी है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को झटकों से कुछ राहत मिल सकेगी।

**गहरे गड्ढों से हिल रहे शरीर के जोड़-**

एनएच-39 मार्ग पर सफर के दौरान गहरे गड्ढों से वाहन उछलते हैं, जिससे यात्रियों को झटके लगते हैं। यह मार्ग इतना बदहाल है कि कई बार एम्बुलेंस या मरीजों के वाहन भी फंस जाते हैं। वाहन चालक मजबूरन गलत दिशा में चलने को विवश हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है।

**प्रस्तावित है फोर लेन और एलिवेटेड मार्ग-** हरिभूमि के अनुसार, बमीठा से सतना तक फोर लेन एवं एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव पहले ही तैयार किया जा चुका है। यह प्रोजेक्ट अगर समय पर शुरू हो जाता तो आज मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती।

**हरिभूमि का विश्लेषण-फोर लेन का शिलान्यास हुआ, पर काम ठप क्यों?-**

दैनिक हरिभूमि यह याद दिलाना चाहता है कि इस मार्ग को फोर लेन में अपग्रेड करने का शिलान्यास स्वयं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 23 जनवरी 2023 को किया था। यदि परियोजना



समय पर शुरू हो जाती, तो जनता को वर्षों की परेशानी से राहत मिल जाती और अब जो करोड़ों रुपये मरम्मत पर खर्च किए जा रहे हैं, वह धन स्थायी फोर लेन निर्माण में उपयोगी होता।

**सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन के बावजूद जारी रही टोल वसूली-**

हरिभूमि ने बार-बार यह सवाल उठाया कि जब सड़कें जर्जर हैं, तब टोल वसूली का औचित्य क्या है? सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि कोई सड़क उपयोग योग्य न हो, तो उस पर टोल टैक्स वसूला नहीं जा सकता। बावजूद इसके, एनएच-39 पर टोल वसूली लगातार जारी रही, जो जनता के साथ अन्याय है। अब अपेक्षा मरम्मत से आगे की है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 41.39 करोड़ की राशि से महज गड्ढे भर दिए जाएंगे, पर स्थायी समाधान तब होगा जब फोर लेन निर्माण कार्य शुरू होगा। क्षेत्र के व्यापारी, यात्री और आम नागरिक अब यह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार इस बार केवल तात्कालिक राहत तक सीमित न रहे, बल्कि राजमार्ग को स्थायी रूप से सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप दे।

**हरिभूमि का सवाल-**

क्या जनता को अब केवल "थोड़ी राहत" ही दी जाएगी, या वह सुरक्षित, सुगम और स्थायी सड़क का अधिकार पाएगी? जब करदाताओं का पैसा हर महीने टोल और टैक्स में जा रहा है, तो सरकार की जवाबदेही भी उतनी ही सुनिश्चित होनी चाहिए। दैनिक हरिभूमि की लगातार उठाई गई आवाज़ के बाद यह मुद्दा अब सरकार की प्राथमिकता में आया है कृ पर जनता का भरोसा तभी लौटेगा, जब एनएच-39 सचमुच "विकास का राजमार्ग" बने, न कि केवल "मरम्मत का मार्ग।"

## शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई की 36 छात्राओं को दी गई साइकिल

### निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत की गई आवंटित

**पवई।** मध्य प्रदेश में निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों को साइकिल या साइकिल खरीदने के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करना है,विशेष रूप से जो विद्यालय जाने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में सुविधा प्रदान करना, विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई बिना किसी बाधा के जारी रखने में मदद करना है। इस योजना के लिए आय, जाति,गरीबी रेखा का कोई बंधन नहीं है। योजना का लाभ कक्षा छठवीं एवं नवमी में पहली बार प्रवेश लेने पर ही मिलता है। इसी कड़ी में गुरुवार




को पवई नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्ड पार्षद अजीत कुमार बड़ोलिया के मुख्य आतिथ्य में निशुल्क साइकिल वितरित की गई,जिसके तहत कक्षा 9 वीं एवं कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 59 छात्राओं में से 36 को साइकिल आवंटित की गई। शेष बची हुई साइकिल के लिए छात्राओं को सूचित कर दिया गया है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आर सी गुप्ता,अजीत कुमार पाठक,हरिशंकर प्रजापति, हरिशंकर खटीक श्रीमती नीतू सैनी,रूपवती पटेल रश्मि जैन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन



**अमानगंज।** शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विविध संदर्भ पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर पूनम सिंह ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर और अतिथियों के स्वागत से की। वेबीनार में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक सागर के संचालक डॉक्टर नीरज दुबे मुख्य अतिथि , और शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस पन्ना के प्राचार्य डॉक्टर एस.डी.चतुर्वेदी मुख्य संरक्षक विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य वक्ता डॉक्टर हेमंत सोनी, केंद्रीय आयुर्वेद शोध संस्थान वैज्ञानिक झांसी, दो रॉबिन पुंदीर सहायक प्राध्यापक मेरठ इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी रहे वेबीनार में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता की वेबीनार के आयोजक डॉक्टर प्रदीप कुमार खम्परिया एवं संयोजक डॉक्टर दीपक बागरी रहे। कार्यक्रम का आभार प्रकट डॉक्टर जयपाल सिंह लोधी द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका डॉक्टर राजमणि तिवारी ,डॉक्टर मनीष तिवारी, डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी ,डॉक्टर अशोक चौधरी, शुभांशु खरे, संजय सिंह , अवधेश प्रजापति सहित शासकीय महाविद्यालय परिवार की रही।

## संजय निकुंज चौमुखा में एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम

**पवई।** विकासखंड पवई के अंतर्गत शासकीय संजय निकुंज चौमुखा में आज एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष पवई कु. निधि पटेरिया भाजपा नेता जमुना खटीक एवं भाजपा नेता बागरी जी सहायक संचालक उद्यान पन्ना श्रीमती सोनाली असाटी, निधि बागरी तथा नर्सरी से श्री अहिरवार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना से आय वैज्ञानिक श्री पी. एन. त्रिपाठी ने किसानों को संबोधित करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों से खेती करने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों



को अपनाकर किसान अपनी उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि कर सकते हैं। विकासखंड अधिकारी पवई श्री पी. एल. प्रजापति ने किसानों को फलदार पौधों के रोपण की उन्नतशील तकनीक की जानकारी दी और पौधों की देखरेख व सिंचाई के आधुनिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने नई कृषि तकनीकों को अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि विधियों से परिचित कराना और उद्यानिकी विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

## श्री जुगल किशोर मंदिर के सामने से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद आधा दर्जन परिवार में रोजगार का संकट

**पन्ना।** विगत दिनों पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा तथा यातायात थाना प्रभारी सहित प्रशासन का अमला श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर पहुंचा और उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार के सामने डिब्बे में पेड़ा की दुकान लगाये आधा दर्जन व्यापारियों को सीधा अल्टीमेटम दिया कि 24 घंटे के अंदर अपनी दुकान हटा ले नहीं तो प्रशासन द्वारा गिरा दी जाएगी। तहसीलदार अखिलेश ने कहा कि कोर्ट का निर्णय है और इसको मानना हमारी मजबूरी है। व्यापारियों ने कहा कि कोर्ट में आखिर किसके द्वारा केस लगाया गया और हम सभी व्यापारियों को नोटिस क्यों नहीं दिए गए। इन सभी विषयों पर व्यापारी और तहसीलदार के बीच बहस जारी रही। आखिर कार व्यापारियों ने कुछ दिनों का समय मांगा जिस पर तहसीलदार श्री प्रजापति ने उन्हें दो दिवस का समय दिया है।



दो दिवस के अंदर व्यापारियों द्वारा स्वयं से दुकान नहीं हटाई गई तो प्रशासन द्वारा उन्हें गिरा दिया जाएगा। जिसके बाद से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है और उन्हें अपने व्यापार की चिंता सता रही है। व्यापारियों ने बताया कि उनके बाप दादाओ द्वारा करीब 100 वर्षों से पेड़ा की दुकान लगाई जाती थी। जिससे हमारे परिवार का भरण पोषण होता है। अब प्रशासन द्वारा दुकान हटाने का जो फरमान जारी किया गया है वह हम लोगों को समझ नहीं आता है। क्योंकि पूर्व कलेक्टर दीपाली रस्तोगी द्वारा जब पूर्व में दुकानें हटाई गई थी तब उनको नवनिर्मित दुकानों में दुकान दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। मगर अभी तक ना तो उनको दुकान दी गई हैं और जिन डिब्बों में वह अभी दुकान अपनी संचालित कर रहे हैं वही डिब्बे हटाने का पन्ना प्रशासन द्वारा फरमान जारी कर दिया गया है ।इस पूरे घटनाक्रम को लेकर तहसीलदार अखिलेश द्वारा बार-बार यही कहा गया कि कोर्ट का आदेश है जिसका पालन जरूर किया जाएगा। इसलिए लोगों का नुकसान ना हो इसलिए अपनी स्वेच्छा से दुकान खाली कर दीजिए।

## पवई नगर सहित क्षेत्र में मनाया इच्छा नवमीं का पर्व



### महिलाओं ने आंवले के पेड़ के नीचे किया प्रसाद ग्रहण, परिवार की सुख समृद्धि की कामना

**पवई।** पूरे जिले के साथ-साथ पवई नगर सहित क्षेत्र में गुरुवार को इच्छा नवमी का पर्व मनाया गया। सुबह से महिलाएं अपने आस पास लगे आंवले के पेड़ के पास पहुंची और उसकी पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात भोजन पकाकर भोग लगाने के बाद परिवार सहित वहां भोजन ग्रहण किया साथ ही माता लक्ष्मी से अपने परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। यह पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। जिसको इच्छा नवमी या आंवला नवमी भी कहते हैं। पवई में माता कलेही देवी मंदिर परिसर में लगे आंवले के पेड़ की महिलाओं ने पूजा की। इच्छा नवमी के बारे में मान्यता है कि एक बार मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आई और उसी समय उनकी इच्छा हुई की भी भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा एक साथ करें। उन्होंने सोचा कि दोनों की पूजा एक साथ कैसे की जा सकती है क्योंकि भगवान विष्णु को तुलसी पसंद है और भगवान शिव को बेलपत्र , तभी उन्हें आंवले का पेड़ दिखा जिसमें तुलसी और बेलपत्र दोनों के गुण पाए जाते हैं। उन्होंने आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर उसकी पूजा की। मां लक्ष्मी की पूजा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिवजी प्रकट हो गए। लक्ष्मी जी ने वृक्ष के नीचे भोजन पकाया और भगवान विष्णु और शिव जी को भोजन कराया और स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। तभी से इस दिन के आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत अमानगंज के महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ आयोजित



**अमानगंज।** जिले का इकलौता उद्योग प्लांट जीके सीमेंट प्लांट के सर विभाग द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के सामाजिक उत्तरदायित्व को निर्वहन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से जागृत किया जा रहा है इसी कड़ी में जेके सीमेंट प्लांट सर डिपार्टमेंट की ओर से राकेश चौरसिया के नेर्तत्व में बुधवार दोपहर एक से 1:30 बजे के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से माहाविध्यली में छात्र एवं छात्राओं सहित विद्यालय के स्टाफ को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और सड़क पर चलने के लिए उपयोग आने वाले सांकेतिक बोर्ड के बारे में अवगत कराया साथी संगीत के माध्यम से उपस्थित कलाकार राहुल पांडे नितिन सोनी अमन पाण्डेय गजेन्द्र के द्वारा सुंदर गायन की प्रस्तुति दी महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम सिंग द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जी के सीमेंट प्लांट पन्ना अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहा है और इस तरीके से लोगों में जागरूकता फैला रहा है वह बाकई सराहनीय है कार्यक्रम में डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी डॉक्टर मनीष तिवारी एवं डॉक्टर जयपाल लोधी शाहिद जेके सीमेंट प्लांट के सर डिपार्टमेंट के लोग एवं महाविद्यालय का स्टाफ हुआ छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## होमी जहांगीर भाभा जी की जयंती मनाई



**पवई।** पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में होमी जहांगीर भाभा जी की जयंती के अवसर पर शिक्षक सतानंद पाठक ने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि होमी जहांगीर भाभा जी की जयंती 30 अक्टूबर को मनाई जाती है। वह एक महान भारतीय भौतिक विज्ञानी थे जिन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। होमी जहांगीर भाभा का जन्म 30 अक्टूबर 1909 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्राप्त की और 1930 में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। भाभा जी ने अपने करियर की शुरुआत टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) में की, जहां उन्होंने कॉस्मिक किरणों और कण भौतिकी पर शोध किया। उन्होंने 1945 में टीआईएफआर के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला और 1955 में भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष बने। भाभा जी ने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के पहले परमाणु रिएक्टर, अप्सरा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की। होमी जहांगीर भाभा जी का निधन 24 जनवरी 1966 को एक विमान दुर्घटना में हुआ था। उनकी जयंती 30 अक्टूबर को मनाई जाती है और उन्हें भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के जनक के रूप में याद किया जाता है।

## देवेंद्रनगर में गूंजेगा "श्याम नाम" का 31 अक्टूबर को विशाल श्री श्याम जागरण एवं दिव्य दरबार

**देवेंद्रनगर।** आस्था और भक्ति के रंग में रंगा देवेंद्रनगर आगामी 31 अक्टूबर 2025 को एक अलौकिक और भव्य धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। "हरे का सहारा बाबा श्याम हमारा" की गूंज के साथ नगर में श्री श्याम जन्मोत्सव, विशाल श्याम जागरण एवं दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रात्रि 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्याम भक्त अपने परिवार सहित सम्मिलित होंगे। आयोजन स्थल चाँदनी चौक, सलेहा रोड, देवेंद्रनगर (मिटराई वाले) निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक अनुरा तिवारी (इंदौर) और भजन गायिका शक्ति दुबे (श्रीधाम वृंदावन) अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। दीपमालाओं, पुष्प सज्जा और जयकारों से सुसज्जित यह आयोजन श्रद्धा, प्रेम और एकता का प्रतीक बनेगा। आयोजन का संकल्प "करने वाले श्याम, करवान वाले श्याम" के भाव से प्रेरित होकर लिया गया है, जिसका उद्देश्य नगर में भक्ति और सकारात्मकता का वातावरण निर्मित करना है। कार्यक्रम के निवेदक आशीष गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन देवेंद्रनगर के भक्तों की वर्षों पुरानी इच्छा को साकार करेगा। नगर में पहली बार इस स्तर का श्याम जागरण आयोजित हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दूरदराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों के पहुँचने की संभावना है, और पूरा नगर "जय श्री श्याम" के जयकारों से गूंज उठेगा। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। मंच सज्जा, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा और भक्तों के बैठने की विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। स्थानीय श्याम सेवक मंडली और युवा कार्यकर्ता लगातार व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में जुटे हैं। नगर के व्यापारी वर्ग और नागरिक भी सहयोग की भावना से आयोजन में योगदान दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बकस्वाहा में सम्मति नेत्र चिकित्सालय का भूमि पूजन सम्पन्न,

**बकस्वाहा।** बुंदेलखंड की धरती पर सेवा, मानवता और जनकल्याण का नया अध्याय शुरू हो गया है। बकस्वाहा में 30 अक्टूबर 2025, सुबह 12 बजे सम्मति सुनीलम्-नेत्र चिकित्सालय का भव्य भूमि पूजन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन आचार्य सुनीलसागर महाराज के दिव्य आशीर्वाद में संपन्न हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल लालघाटी स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला के सामने श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और मुनिश्री के आशीर्वचन के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ। आयोजन के दौरान दृष्टि है तो सृष्टि है का संदेश गूंजता रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दमोह लोकसभा सांसद राहुल लोधी, विशिष्ट अतिथि, जनपद अध्यक्ष रजनी मोती यादव, मंडल अध्यक्ष संदीप खरे, सहित कई जनप्रतिनिधि मंच पर उपस्थित रहे। सभी ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अस्पताल आने वाले समय में बुंदेलखंड के हजारों जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होगा।

### किशोर सागर तालाब में अज्ञात कारणों से मरी हजारों मछलियां



**छतरपुर।** शहर के किशोर सागर तालाब में पिछले कुछ दिनों से मछलियों की मौत का सिलसिला जारी है, और मृत मछलियों की संख्या अब हजारों में पहुंच चुकी है। इतनी बड़ी मात्रा में मछलियों की मौत होने के कारण तालाब से बेतहाशा दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी नावेद अंसारी ने बताया कि तालाब में लगभग 10 से 15 हजार मृत मछलियां पड़ी हुई हैं, जिनकी दुर्गंध पूरे इलाके में फैल रही है और लोगों को भारी परेशानी हो रही है। एक अन्य व्यक्ति मोहसिन ने बताया कि तालाब में जिला अस्पताल के गंदे पानी सहित आसपास रहने वाले लोगों के घरों का गंदा पानी छोड़ा जाता है, संभवतः इसी कारण से मछलियों की मौत हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छतरपुर नगर पालिका द्वारा तालाब की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता जिस कारण से यह स्थिति निर्मित हुई है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से तालाब की सफाई कराने और मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकलवाने की मांग की है।

### पदारोहण/प्रथम महाकुंभ कुण्डलपुर में आयोजित

**कटनी।** संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर 108 समाधिस्थ विद्यासागर महाराज के अज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज के आर्शीर्वाद एवं प्रेरणा से श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिग.जैन सिंघई मंदिर में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर श्री 1008 नंदीश्वर महामण्डल विधान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी समाजसेवी प्रमोद जैन-कक्का ने देते हुये बतलाया कि कार्यक्रम का समापन रथोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ के साथ सम्पन्न होगा।

### ई-केवाईसी केंद्र पर की गई बैठक व्यवस्था

**कटनी।** नगर निगम कार्यालय में ई-केवाईसी कराने हेतु आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विशेष बैठक व्यवस्था की गई है। नागरिकों को लंबा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए प्रतीक्षालय में कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, नागरिकों से शालीनता पूर्वक बात कर उन्हें उचित मार्गदर्शन के साथ ही आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करें। इस व्यवस्था से नागरिकों को गर्मी एवं भीड़भाड़ में राहत मिली है तथा ई-केवाईसी कार्य सुचारू रूप से हो रहा है।

# पुत्र की हत्या के 2 दिन बाद पिता का फांसी पर लटका मिला शव, पुलिस को पिता पर था संदेह



**छतरपुर।** थाना सटई के अंतर्गम ग्राम कटारा में निलेश पाल की 2 दिन पूर्व हत्या कर शव को मुख्य सड़क पर फेंक दिया था। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज विवेचना शुरू की तो विवेचना के दौरान पुलिस की शंक की सुई उसके पिता पर गई। मामले की विवेचना चल ही रही थी कि आज गुरूवार को मृतक नीलेश पाल के पिता रामकृपाल पाल का शव खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लेकिन सुत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार पुलिस को पिता पर ही संदेह ही था और उससे पुछताछ भी हुई थी इसके बाद ही रामकृपाल पाल ने फांसी लगा ली। इस घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है पुलिस अधीक्षक ने इनाम भी घोषित किया था।

### गांव की लड़की से बात करता था मृतक -

सूत्रों से जानकारी मिली है कि मृतक नीलेश पाल इमलिया गांव की किसी लड़की से मोबाईल से बात करता था एवं शराब पीने का शौकीन भी था नीलेश ने 26 अक्टूबर को भी शराब पी थी और शराब अधिक पीने के कारण वह गिर गया था। तब किसी ने उसके पिता रामकृपाल को सूचना दी और रामकृपाल खबर पाकर गुडपारा अपने लड़के को लेने गया था। लेकिन उसके पहले ही गांव का एक सेन नीलेश को घर छोड़ गया था और रामकृपाल के घर में नीलेश सोता था। पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो कमरा की दिवालों, ठाठ एवं फर्स में खून के निशान थे जिन्हें गोबर से लीपकर मिटा दिया गया था। और दिवालों को पानी सें पोछा गया था इसके बाद भी खुन की धब्बे पूरी तरह से मिट नही पाए थे। इन्ही साक्ष्यों के आधार पर पुलिस विवेचना कर रही थी और विवेचना के दौरान मिले सबुतों के आधार पर मृतक के पिता रामकृपाल से पुछताछ कर रही थी। इस हत्या की घटना का रहस्य उजागर होता उसके पहले ही पिता ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। अब इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं भी हो रही है।

### जमीनी विवाद पर मां बेटे की मारपीट महिला गंभीर



थाना मातगुवां के अंतर्गत ग्राम बुदौर में जमीनी बिवाद के चलते यादव परिवार के लोगों ने दलित परिवार के लोगों पर लाठी डडों से हमला कर दिया। जिससे महिला काशीबाई अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गई है और वह बोलने की स्थिति में नही है। बताया जा रहा है कि जिस जमीन को लेकर दोनों पक्षों में बिवाद चल रहा है उस जमीन से दलित परिवार को बेदखल करने का आदेश भी हुआ है। लेकिन इसके बाद भी दलित परिवार के लोग जबरन कब्जा करना चाह रहे थे। और इसी को लेकर गुरूवार की दोपहर को मारपीट की घटना घटित हो गई।

## विधायक अरविंद पटेरिया ने कर डाले २८ करोड़ की सड़कों के निर्माण के भूमिपूजन

**छतरपुर।** जिले की राजनगर विधानसभा के विधायक अरविंद पटेरिया पिछले 3 दिनों में जबरदस्त चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में २८ करोड रुपए से अधिक की लागत की पक्की सड़क निर्माण कार्यों की भूमि पूजन कर डाले हैं। जिससे राजनगर विधानसभा क्षेत्र में चहूं ओर एक साथ सड़कों का जाल बिछाया जाने वाला है। उनके इस स्पीड से होने वाले कार्यों को लेकर लोक अचंभित स्थानीय लोगों का मानना है इतने व्यापक पैमाने पर कामो की स्वीकृतियां कभी नहीं देखने को मिली विधायक ने क्षेत्र वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धियां दे डाली है। विक्रमपुर से स्टेशन पूर्बा मार्ग स्वीकृति लागत 3.७६ करोड़, चौवर ग्राम से जमुनिया मार्ग स्वीकृत लागत ४.५० करोड़, रंगोली पी ग्राम से पारबा पूर्बा मार्ग स्वीकृत लागत ५ लाख, संजयनगर से झींन्ना मार्ग स्वीकृत लागत १.७ करोड़, रामपुर से रेखा ग्राम तक स्वीकृत राशि ४.५ करोड़, भेरा में से तालगांव स्वीकृत राशि५.६२ करोड़ नंदग्राम से पचलोरन पुरवा स्वीकृत राशि 3.६१ करोड़, बमनोर ग्राम से मऊ मसानिया मार्ग स्वीकृत राशि ५ करोड़ निश्चित तौर पर कितने मार्गों के बन जाने से १५ से २० हजार ग्रामीण लोग सुगम आवागमन मार्ग से लाभान्वित हो सकेंगे।

## प्रेमी जोड़े ने एसपी से मांगी सुरक्षा




### कहा- घरवाले जान के पीछे पड़े हैं

**छतरपुर।** गुरुवार को एक प्रेमी जोड़े ने जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने लिए सुरक्षा मांगी है। प्रेमी जोड़े ने बताया कि वे दोनों बालिग हैं और अपनी खुशी से दोनों ने विवाह कर लिया है लेनिक उनके विवाह से परिवार के लोग नाखुश हैं और उनकी जान के पीछे पड़े हैं। आवेदन देने आए नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चौबारा निवासी जीतेन्द्र अहिरवार ने बताया कि उसने अलीपुरा की रहने वाली खुशी अहिरवार से प्रेम विवाह किया है। इस शादी से खुशी के मामा जगदीश अहिरवार, परिवार के देवेन्द्र अहिरवार सहित अन्य लोग नाखुश हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जीतेन्द्र ने बताया कि उन्होंने हरियाणा में आर्य मंदिर से विवाह किया है और पिछले तीन वर्षों से उनका प्रेम प्रसंग चल रहा था। एसपी को आवेदन देकर जीतेन्द्र और खुशी ने सुरक्षा की मांग की है।

## आरएसएस पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने न्यायालय में किया पेश



**छतरपुर।** बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में लगने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा के वीडियो पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को बीते रोज ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं आज पुलिस द्वारा युवक को न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार, फरहान निजामी नामक युवक द्वारा शाखा का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी के बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी फरहान निजामी को गिरफ्तार कर लिया था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक या सामाजिक संगठन से जुड़े विषयों पर अभद्र या भड़काऊ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**छतरपुर। जिले में दलितों पर अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम बूदौर में एक बार फिर दबंगई की घटना सामने आई है। यहां यादव परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने अहिरवार परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें महिला और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

जानकारी के अनुसार, विवाद जमीनी हिस्सेदारी को लेकर हुआ था। दोपहर करीब 2 बजे अहिरवार दंपत्ति अपने खेत पर काम कर रहे थे, तभी गांव के ही रामनाथ यादव, छोटी यादव, रामस्वरूप यादव सहित तीन अन्य लोग वहां पहुंचे और कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। महिला ने आरोप लगाए कि हमले से पहले आरोपियों ने हवाई फायरिंग भी की थी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। मारपीट में घायल काशीबाई अहिरवार (50) पत्नी हिम्मती अहिरवार, निवासी ग्राम बूदौर, गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने डायल-112 को फोन कर जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल भेजा, जहां दोनों का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें आरोपी युवक लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। फिलहाल मातगुवां पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

### पति ने किए थे दो विवाह, पहली पत्नी और उसके पुत्रों से चल रहा था विवाद

**छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड पर रहने वाली एक महिला का शव उसके ही घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला है लेकिन यह आत्महत्या है या हत्या यह अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल महिला के पति ने दो विवाह किए थे। मृतिका दूसरी पत्नी थी और उसका विवाद अपने पति की पहली पत्नी तथा उसके पुत्रों से चल रहा था।**

कुछ समय पहले भी उस पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसके चलते कथित आत्महत्या का यह मामला संदेह के घेरे में है। फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद दो संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरु की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत देरी के पूर्व सरपंच कौशलेन्द्र सिंह उर्फ बबलू ने दो शादियां की हैं। उनकी पहली पत्नी का नाम श्रीमती कमल सिंह है, जिसके दो पुत्र दीप राजा और मानवेन्द्र सिंह हैं। दूसरी पत्नी का नाम ममता सिंह है, जिसके साथ कौशलेन्द्र सिंह वर्तमान में छतरपुर के पठापुर रोड पर रहते हैं। कुछ माह पहले कौशलेन्द्र सिंह की पहली पत्नी कमल सिंह के पुत्र दीप राजा और मानवेन्द्र सिंह ने अपनी सौतेली मां ममता सिंह पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा ?था। बताया गया है कि जेल से बाहर आने के बाद से उक्त लोग फिर से ममता सिंह के साथ लगातार विवाद कर रहे थे। बुधवार की देर रात कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ममता सिंह का शव उनके घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

पुलिस ने फिलहाल दो संदेहियों को अभिरक्षा में लिया है, जिन्हें स्थानीय लोगों ने घटनास्थल से भागते हुए देखा था। संदेहियों से पूछताछ की जा रही है लेकिन मामला हत्या का है अथवा आत्महत्या का यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पुत्र वियोग में पिता ने लगाई फांसी

### एक दिन पहले पुलिस ने की थी पुत्र की हत्या को लेकर पूछताछ



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कटारा में दो दिन पहले एक युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। बीती रात मृतक के पिता ने भी अपने खेत पर लगे एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिससे न केवल गांव बल्कि पूरे जिले में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि दो दिन पहले हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बीते रोज उसके पिता से पूछताछ की थी। इसी पूछताछ के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले 28 अक्टूबर को ग्राम कटारा निवासी 25 वर्षीय नीलेश पाल की अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात के वक्त गला रेतकर हत्या की गई थी। नीलेश 4 बहनों का इकलौता भाई था। गांव के लोगों ने बताया कि नीलेश हत्या के मामले में किसी साक्ष्य के आधार पर पुलिस को उसके पिता रामकृपाल पाल पर संदेह हो गया था। बीते रोज पुलिस ने रामकृपाल से इस संबंध में पूछताछ भी की थी। इसके बाद गुरुवार की सुबह रामकृपाल का शव उसके खेत पर लगे पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। दो दिन के अंतराल में पुत्र की हत्या और पिता की आत्महत्या से पूरा गांव सदमे में हैं। फिलहाल पुलिस ने रामकृपाल के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों घटनाओं का रहस्य अभी तक अनसुलझा है, और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### इनका कहना है -

दो दिन पहले ग्राम कटारा में एक युवक की हत्या हुई थी, बीती रात उसके पिता ने अपने खेत पर फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली है। पुलिस पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच कर रही है। मृतक पिता से बीते रोज पुलिस ने जांच के दौरान सामान्य सवाल-जवाब किए थे, अभी मामले की जांच जारी है।

**अजय रिठौरिया**
**एसडीओपी, बिजावर**

## चार दिनों से जारी है रिमझिम बारिश का दौर



### तेज हवाओं के साथ आज भी बारिश की संभावना

**छतरपुर।** चक्रवात मोन्था का असर मध्यप्रदेश सहित बुंदेलखंड में भी दिखाई दे रहा है। जिले में पिछले 4 दिनों से रिमझिम का बारिश का दौर जारी है, जिसके चलते मौसम सर्द हो गया है। अगले 24 घंटे तक इसी तरह के मौसम की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। मौसम विभाग खजुराहो में पदस्थ मौसम वैज्ञानिक आरएस परिहार ने बताया कि मोन्था चक्रवात के कारण संपूर्ण बुंदेलखंड में ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश का दौर जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम तक जिले में इसी तरह का मौसम रहेगा और इसके बाद शनिवार से पारा गिरने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हल्की बारिश हो रही है। लगातार बरसात और बादलों के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है। गुरुवार को भी आसमान में काले बादल छाए रहे और हल्की धुंध बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, हवा की गति करीब 14 किलोमीटर प्रति घंटे रही और रात में 50 फीसदी तक बारिश की संभावना बनी हुई है। दिनभर धूप न निकलने और कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित रही। वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर चलना पड़ा। चिकित्सकों ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सिंथेटिक कपड़े, टोपी, स्कार्फ और दस्ताने पहनने की सलाह दी है। साथ ही गर्म पेय पदार्थ और पौष्टिक भोजन लेने और जरूरत पडऩे पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है।

### मूंगफली और सोयाबीन की फसलें हुई प्रभावित

कुछ किसानों ने बातचीत में बताया कि लगातार नमी और बादलों से किसानों को परेशानी हो रही है। मूंगफली और सोयाबीन की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं बुवाई का काम भी प्रभावित हुआ है। जिले के लवकुशनगर, नौगांव, गौरिहार, बड़ामलहरा और बक्सवाहा में भी हल्की बारिश हुई है।

## ताम्रकार समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती



### मंदिर निर्माण की घोषणा से समाज में उत्साह

**छतरपुर।** बीते रोज ताम्रकार समाज ने भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं विधायक द्वारा मंदिर निर्माण की घोषणा ने उत्साह को दोगुना कर दिया। सामूहिक प्रसाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। ताम्रकार समाज के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बना। मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और गरिमामय बनाया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पत्रकार नीरज सोनी, बद्री पौराणिक और रामलीला संचालक नरेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे। समाज के अध्यक्ष श्री संतोष ताम्रकार ने बताया कि सभी वर्गों का उत्साह देखते ही बनता था। विधायक श्रीमती ललिता यादव ने भगवान सहस्त्रबाहु जी के भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा की और समाज से उचित स्थान चयन करने का आग्रह किया ताकि छतरपुर में जल्द ही राजराजेश्वर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का मंदिर और प्रतिमा स्थापित हो सके। इस घोषणा से ताम्रकार समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंगीकार–2025 अभियान के अंतर्गत पीएम आवास मेला आज

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंगीकार–2025 अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पीएम आवास मेला कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर को नगर निगम टाउन हॉल में किया गया है। नगर पालिक निगम एवं जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा अंगीकार–2025 के तत्वाधान में आयोजित पीएम आवास एवं स्वनिधि मेलों में नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्वीकृति चेक वितरण, आवेदन, सब्सिडी स्कीम की प्रक्रिया एवं पीएम स्वनिधि से संबंधित जानकारी, आवेदन एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य शिविर, पीएम उज्वला, आयुष्मान योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभागों द्वारा दिये जाने तथा विभिन्न विभागों को स्टॉल लगाने के निर्देश दिये हैं। जिनके माध्यम से नागरिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी व आवेदन प्रक्रिया की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बैंक तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने एवं कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए विभागीय समन्वय एवं जनसहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### मिनरल वाटर के नाम पर चल रहा था फर्जीवाड़े का खेल; फैक्ट्री सील, नकली चिट वाले बॉटल जब्त

**रीवा।** शहर के बुधवार को मिनरल वाटर के नाम पर बाजार में बिकने वाले पानी के बॉटल और पाउच की फर्जी फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यहां बिना किसी रजिस्ट्रेशन और मैन्युफैक्चरिंग डेट के ही बॉटल और पाउच में पानी भरकर उसे मिनरल वाटर बताकर अलग अलग ब्रांड के नाम पर बेचा जा रहा था। खास बात यह है कि फर्जी कंपनी द्वारा बॉटल को सतना में तैयार कराया जाता था और उसे रीवा में अपना स्टीकर लगाकर बाजार में बेच आ जाता था। दरअसल यह कार्रवाई शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र मैदानी में संचालित मिनरल वाटर बेचने वाली फैक्ट्री में की गई है। यहां कार्रवाई करने पहुंची टीम फैक्ट्री का नजारा देखकर ही हैरान रह गई। पाया गया कि फैक्ट्री मे मिनरल वाटर के नाम पर बोतल एवं पाउच का निर्माण किया जा रहा था। इतना ही नहीं, बॉटल पर जो रजिस्ट्रेशन नंबर पाया गया है वह फर्जी है और पानी के पाउच में डेट और पता सब कुछ गायब मिला। खाद एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री में पैक होने वाले पानी की शिकायत एक व्यक्ति के द्वारा रीवा स्थित कार्यालय में की गई थी। जिसके आधार पर आज जब खाद्य एवं औषधि विभाग ने कार्यवाही की तो किसी भी तरह के वैध दस्तावेज नहीं मिले। बताया गया यहां अलग-अलग ब्रांड के पानी के बोतल तैयार किया जा रहे थे, जिसमें एक्वा और क्रिस्टल कंपनी नाम से पानी की बॉटल पैक मिली हैं। फिलहाल दोनों ही कंपनियों के बॉटल पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर पाया गया। बताया गया कि शहर के मैदानी स्थित फैक्ट्री बीते काफी समय से संचालित हो रही है और इसके संचालक का नाम राजेश चड्ढा बताया गया है। फिलहाल खाद्य एवं औषधि विभाग के द्वारा भारी मात्रा में मिले पानी की बॉटल और पाउच को जब्त करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया गया, साथ ही संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि रीवा जिले के विभिन्न स्थानों पर यह पानी धड़ल्ले से बिक रहा है, इसके संबंध में भी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल फैक्ट्री में पाए गए पानी का सैंपल जब्त करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

## रीवा में 'बुनियादी शिक्षा मेला' बना प्रेरणा का केंद्र

# भविष्य के तारों से मिलीं कलेक्टर





**रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एक दिल को छू लेने वाला पल जिया, जब वे बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मेला के अंतर्गत पीएम बेसिक मॉडल क्रमांक-दो के नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच पहुँचीं। एक प्रेरणादायक मुलाकात में उन्होंने इन मासूमों से आत्मीयता से संवाद किया और उन्हें 'धरती के तारे' कहकर संबोधित किया।**

कलेक्टर ने बच्चों को एक रोचक कहानी सुनाई और उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप सब धरती के तारे हैं, खूब चमकें, खूब पढ़ाई करें और आगे बढ़ें। अपने मम्मी-पापा का कहना मानें। राज्य शिक्षा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मेला का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और भाषा विकास के साथ-साथ गणित की पूर्व तैयारी कराना है। शिक्षकों द्वारा बच्चों को कूदना, पेपर फोल्डिंग, रंगों और आकारों को पहचानना, गिनना और अंक पहचानना जैसे मजेदार कार्यकलापों से अभ्यास कराया जा रहा है।

कलेक्टर ने स्वयं बच्चों के साथ संवाद किया, उनसे रोचक सवाल पूछे और वस्तुओं की पहचान करवाई। नन्हें युवराज, दक्षिता और अन्य बच्चों ने तत्काल और आत्मविश्वास के साथ फूलों के नाम, पक्षियों के नाम सहित सभी सवालों के जवाब दिए। बच्चों की इस तेज-तर्रार बुद्धि ने सबको प्रभावित किया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर बच्चे बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने सुमधुर धुन में स्कूल की प्रार्थना सुनाई। जब कलेक्टर ने पूछा कि यह किनकी प्रार्थना है, तो सभी ने एक सुर में जवाब दिया माँ सरस्वती की। इस पर कलेक्टर ने उन्हें ज्ञान का महत्व समझाते हुए कहा कि सरस्वती विद्या, बुद्धि और विवेक देती हैं, जिससे हम सभी काम कर पाते हैं। कलेक्टर ने उपस्थित अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने अनुभवों का लाभ दें और आसपास के वातावरण से बच्चों को शिक्षित करें और उन्हें प्राथमिक ज्ञान दें। इस अवसर पर डीपीसी विनय मिश्रा, केशरी प्रसाद तिवारी सहित प्राथमिक कक्षा के बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे। कलेक्टर की यह पहल न केवल बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाएगी, बल्कि अभिभावकों को भी बुनियादी शिक्षा के महत्व को समझने में मदद करेगी।

## तिवनी का डूबता चिकित्सालय, अटल सरोवर के अवैध गहरीकरण से 4 माह से जलमग्न, दवाइयां सड़ रही, स्कूल शौचालय नष्ट



### जांच-पंचनामा के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी

**रीवा ।** जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गंगेव के ग्राम तिवनी का पशु चिकित्सालय चार माह से मौत का तालाब बना है। दवाइयां पानी में सड़ रही हैं, उपकरण डूब चुके हैं, पशुपालक दूर-दराज भटक रहे हैं। वजह एक अटल सरोवर का अवैध गहरीकरण। पशु चिकित्सा विभाग ने 25 अक्टूबर 2025 को वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा,तालाब निर्माण से कई माह से परेशानी बनी है, आज भी वहां जाना संभव नहीं। दवाइयां-उपकरण नष्ट होने की कगार पर। पत्र की प्रतिलिपि आरटीआई कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी को सौंपी गई। प्रकाश तिवारी बताया कि स्कूल की बाउंड्री से सटा कर तालाब इतना गहरा खोदा कि पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया है , और नतीजा है कि पशु चिकित्सालय, हायर सेकंडरी स्कूल, पीएचई भवन, आवागमन मार्ग सब क्षतिग्रस्त/प्रभावित हुए, प्राईमरी विद्यालय के बच्चों का जीवन भी खतरे में, कई घरों में घुटने तक पानी घुसा। वही हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य ने अपने पत्र में लिखा शौचालय पूरी तरह नष्ट, महिला स्टाफ और बच्चियों को भारी परेशानी। रोज कीचड़ से गुजरकर स्कूल आना, पढ़ाई प्रभावित। प्राइमरी स्कूलों के बच्चे भी कीचड़ में डूबते-उतरते पहुंचते हैं।

### जांच हुई, पंचनामा बना, कार्रवाई शून्य

कमिश्नर कार्यालय ने शिकायत पर टीम भेजी। कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री और गांव के वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में स्थल पंचनामा तैयार। दस्तावेज में साफ जलभराव पाया गया। फिर भी चार माह बीते, स्थिति जस की तस। प्रकाश तिवारी ने मनगवां विधायक, जनपद अध्यक्ष और आरईएस अधिकारियों पर आरोप लगाते कहा कि मौत का कुआं खोदकर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। साक्ष्य हैं, दर्जनों मीडिया ने छापा, फिर भी सुनवाई शून्य।

## जिले भर में बीएलओ को दिया मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण



**रीवा ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियाँ की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक में मतदाताओं की जानकारी दर्ज करेंगे। मतदाताओं की अद्यतन जानकारी बीएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। इस संबंध में सभी तहसीलों में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा विधानसभा क्षेत्र में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में बीएलओ को एसडीएम डॉ अनुराग तिवारी तथा मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मनगवां में एसडीएम संजय जैन ने बीएलओ को प्रशिक्षण दिया। त्योंथर में एसडीएम पीएस त्रिपाठी तथा मास्टर ट्रेनरों ने बीएलओ को प्रशिक्षण दिया। इसी तरह गुढ़, सिरमौर, सेमरिया में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ का बीएलओ में पंजीयन कराया गया। बीएलओ को गणना पत्रक भरने, मतदाता के सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज तथा सत्यापन प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मृत व्यक्तियों, स्थाई निवास छोड़ने वालों तथा डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम पृथक करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में बीएलओ को प्रत्येक ग्राम पंचायत में और शहरी क्षेत्र के वार्डों में मुनादी कराकर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के निर्देश दिए गए।

## देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन की विशेष निगरानी

**रीवा ।** आगामी एक और दो नवम्बर को देवउठनी ग्यारस और अन्य विवाह मुहूर्तों पर होने वाले विवाहों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया है कि कि बाल विवाह करना एक गंभीर अपराध है। बाल विवाह से आशय 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह होना है। बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति को दूर करने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पारित किया गया है । इस कानून के तहत, बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना, या विवाह सम्पन्न कराने के अपराध में जुर्माना और कारावास की सजा का प्रावधान है। ऐसा करने पर दो वर्ष तक का सश्रम कारावास या एक लाख लाख तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं । जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गैर-सरकारी संगठन के पदाधिकारियों, विवाहघर संचालकों, बैंड दल, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर्स आदि विवाह से संबंधित विभिन्न घटकों से अपील की है। अपील में कहा गया है कि वे विशेष रूप से ध्यान दें कि देव उठनी ग्यारस और अन्य मुहूर्तों पर कोई बाल विवाह न होने पाए। उनसे अनुरोध किया गया है कि वे विवाह संबंधी कार्य लेने से पूर्व भावी वर एवं वधू का आयु संबंधी प्रमाण पत्र अवश्य लें और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में यथासंभव मदद करें । बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है । इस दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, पुलिस थाना प्रभारी, एवं पंचायत सचिव को शामिल किया गया है । इसके अलावा, बाल विवाह की रोकथाम और शिकायतों को प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी सहायक संचालक आशीष द्विवेदी हैं, जिनका मोबाइल नंबर 9755270639 है। जिले में होने वाले बाल विवाह की शिकायतें 9406935085, 9630403767, 9752408448, 8172836084, 9039688479 मोबाइल नंबरों पर भी दी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त शिकायत चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर या उड़नदस्ता दल के किसी भी सदस्य को भी दी जा सकती है। शिकायतें उड़नदस्ता दल के किसी भी सदस्य को भी दी जा सकती हैं ।

## सफाई कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

**रीवा।** शहर में सफाई व्यवस्था पर लगे नगर निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। इसके पहले नगर निगम प्रशासन के सामने मांग पत्र रखकर सप्ताह भर के भीतर उसके निराकरण की मांग की है। साथ ही कहा है कि ऐसा नहीं होने पर वह आंदोलन के रास्ते पर जाएंगे। संयुक्त मजदूर मोर्चा ने स्वास्थ्य व सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कहा है कि जिन कर्मचारियों का हाल ही में ट्रांसफर किया गया है, उनके ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर उन्हें यथावत पदस्थ किया जाए। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को गैर हाजिरी के कारण कार्य से अलग न किया जाए। साप्ताहिक सफाई कर्मचारियों को नियमित मस्टर में शामिल किया जाए। दैनिक और साप्ताहिक कर्मचारियों का पीएफ कटौती सुनिश्चित की जाए। कर्मचारियों की 62 वर्ष की आयु पूर्ण पूर्ण होने पर उनके परिवार के सदस्य को नियमित नियुक्ति देने के प्रावधान का लाभअन्य पात्र कर्मचारियों को भी मिले।वरिष्ठ उपचारक को एसआई का प्रभार दिया जाए। इसके अलावा अन्य कई मांगे रखी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी नेता बुद्ध सिंह करोसिय, सीताराम चमकेल, अमर नाहर, हर, सुनील चुटेले सहित अन्य मौजूद रहे। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

## महिला कांग्रेस को नई दिशा देने मऊगंज पहुंचीं सीमा सिंह

मऊगंज

महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त और संगठित करने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान के तहत मऊगंज पहुंचीं प्रदेश पर्यवेक्षक सीमा सिंह जरहा का महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने अपने-अपने बायोडाटा प्रस्तुत करते हुए महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यह पहल महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश और मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल की सहमति से संचालित की जा रही है। मऊगंज में सीमा सिंह जरहा ने स्थानीय महिला कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को नई दिशा देने के लिए रायसुमारी की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि महिला कांग्रेस समाज की आधी आबादी की आवाज़ है और इसकी मजबूती लोकतंत्र के संतुलन के लिए आवश्यक है। महिलाओं ने यह भी कहा कि वे संगठन को निचले स्तर तक ले जाने और हर बूथ पर महिला कांग्रेस की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। प्रभारी पर्यवेक्षक सीमा सिंह जरहा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, "महिला कांग्रेस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो समाज की हर महिला को सशक्त, आत्मनिर्भर और राजनीतिक रूप से जागरूक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।" उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर समुदाय और हर पंचायत की महिलाओं को जोड़ने से कांग्रेस का आधार और मजबूत होगा। सीमा सिंह ने आगे कहा कि महिला कांग्रेस को संगठित करने के लिए आवश्यक है कि हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझे और जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएँ और महिलाओं की भागीदारी को राजनीति के केंद्र में लाएँ।बी इस अवसर पर आयोजित रायसुमारी कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री अरुणा तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शैलजा गुप्ता, सरपंच एवं ब्लॉक अध्यक्ष अनुराधा साकेत, ब्लॉक अध्यक्ष शैलजा पांडे, जया मिश्रा, तकदीरुन्निसा, निर्मला देवी, मंजू कोल, विमला कोल, प्रमिला शर्मा, मधु केवट, सीनू केवट, बबीता शर्मा, बेबी खान, समीरून्निशा, ईन्दूकली पांडे, मुस्तरी खान, रामादेवी, शीला सोंधिया, पूजा सोधिया, शबाना खान और उमा सिंगरहा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएँ मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कहा कि वे संगठन को गाँव-गाँव और वार्ड-वार्ड तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मऊगंज में महिला कांग्रेस की यह नई पहल न केवल राजनीतिक जागरूकता का प्रतीक बनी, बल्कि इसने यह संदेश भी दिया कि अब महिलाएँ समाज और राजनीति दोनों में अपनी मजबूत भूमिका निभाने को तैयार हैं।



## मऊगंज में युवा संगम कार्यक्रम अन्तर्गत रोजगार मेले में 442 युवाओं को मिला रोजगार

मऊगंज



युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 635 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 20 कंपनियों ने 442 युवाओं का चयन किया। कलेक्टर श्री जैन ने रोजगार मेले का निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल कंपनी मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर में 25, बजाज आटोमोबाइल प्रा. लिमिटेड औरंगाबाद में 30, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर में 13, हायर अप्लीएन्सेस इंडिया लि. रंजनगांव पुणे में 20, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कम्पनी अहमदाबाद गुजरात में 6, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 50, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे में 8, धूत ट्रान्समिशन औरंगाबाद में 2, इंडिया इंस्टिूट ऑफ स्कील्स डेव्लपमेन्ट गुजरात में 5, संतारा कॉसमेटिक प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात में 4, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान में 35, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा में 16, एमआरएफ लि. भारूच दहेज में 52, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात में 6, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 64, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 23, सिटी कार प्रा. लि. सतना में 21, प्रगतिशील एग्रोटेक, प्रा.लि. रीवा में 30, इंडसिंड बैंक (बीएफएलएल) में 8, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लिमिटेड भोपाल में 24 रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

## सरदार वल्लभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन आज

**रीवा ।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के उद्देश्य से एकता दौड़ प्रातः 8 बजे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अटल पार्क में संपन्न होगी। सभी संबंधित विभागों एवं नागरिकों व जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया है कि दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दें। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में खेलों का आयोजन किया गया है। जिसमें रस्साकसी एवं फुटबाल का मैच होगा।

**CHANGE OF NAME**

I hitherto known as **Tanu Shukla D/O: Ram Ji Shukla**, R/O raam-post-vadwar-ward no 13, Vadwar (416), PO: Badwar, DIST: Rewa, Madhya Pradesh - 486553, have changed my name and shall hereafter be known as **Tanushri Shukla.**